एक नजर में

अंबेडकर जयंती पखवाड़े पर भाजपा की संगोष्ठी आयोजित

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला मंदसौर द्वारा अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। संगोष्ठी में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने देश को समानता और न्याय की मजबूत नींव दी। भारतीय जनता पार्टी ने उनके सम्मान में पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर सामाजिक न्याय को सशक्त किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पार्टी बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के प्रयास हो रहे हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विजय सुराना, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन आटेला, वरिष्ठ नेता निहालचंद मालवीय एवं भगवती लाल सुरावत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने, सामाजिक समरसता बढ़ाने एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

भानपुरा में योग के लिए तीन माह से लगातार शिविर में आ रहे लोग

▶ पतंजलि योग समिति परिवार फैला रहा जागरूकता

भानपुरा। पतंजलि योग समिति परिवार भानपुरा द्वारा योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ और प्रसन्न जीवन का संदेश लगातार जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। नगर में बीते तीन माह से भोर की बेला में नियमित योगाभ्यास का क्रम निरंतर जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग गुरु बाबा रामदेव जी महाराज एवं आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण जी महाराज की प्रेरणा से जिला योग प्रभारी एवं योग शिक्षक मनीष परिहार के मार्गदर्शन में 15 फरवरी से 11 मार्च तक आद्य गुरु शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में 25 दिवसीय योग शिविर का सफल आयोजन किया गया था। इस दौरान पतंजलि पीठ हरिद्वार द्वारा आयोजित सहयोग शिक्षक परीक्षा में 47 परीक्षार्थियों ने भाग लेकर अपनी सक्रियता दर्ज कराई।

शिविर के उपरांत 12 मार्च से नगर परिषद के सार्वजनिक रेवा गार्डन में प्रतिदिन सुबह 6 से 7:30 बजे तक योग शिक्षक विक्रम उर्फ विक्की सेन के निर्देशन में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है, जो डेढ़ माह से निरंतर जारी है। यहां प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम कराए जा रहे हैं, जिससे साधकों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

समिति द्वारा प्रत्येक रविवार को प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष योगाभ्यास का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार 26 अप्रैल को आरोग्य धाम एवं अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित बड़ा महादेव स्थल पर हरियाली से आच्छादित धर्मशाला की छत पर योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग साधकों ने वहां लगाए गए पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया तथा फलाहार का आनंद लिया।

योग साधकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से काफी लाभ मिल रहा है। योग सत्र के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं 卐करेंगे योग, रहेंगे निरोग卐 जैसे नारों के साथ वातावरण को ऊर्जावान बनाया जाता है। वर्तमान में 40 से अधिक साधक नियमित रूप से योग साधना में भाग ले रहे हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

कार्यक्रम में प्रद्युमन शर्मा, भूपेंद्र सोनी, लालचंद रुद्रवाल, कृष्ण कुमार बंबोरिया, दीपक कोरिया, सुरेंद्र मेड़तवाल, संजय टेलर, शंभू लाल मेहर, वीरेंद्र वर्मा, रामचंद्र मोदी, शंभू सिंह सिसोदिया, धीरज सेन, भीम सिंह वधवा, संजय राठौर, चेतन दास, जितेंद्र कुमार पुरोहित, सीमा मोदी, सरोज आचार्य, राजश्री शर्मा, पुष्पा पटवा, कीरण कोरिया, कृष्णा रुद्रवाल, सुधा पहाड़िया, प्रतिभा मेड़तवाल, श्वेता गुलाटी, प्रिया छाबड़ा, मांगी बाई, विजय लक्ष्मी पुरोहित सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

समाज निर्माण का केंद्र होते हैं मंदिर : उपमुख्यमंत्री देवड़ा

मंदसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ के परिसर में श्री जैन मंदिर के पास मेला ग्राउंड के सामने चंद्रपुर रोड पर स्थित श्री क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा बड़ी ही श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं हो सकती बल्कि उसकी असली पहचान उसके संस्कारों मूल्यौ और आध्यात्मिक चेतना से भी होती है। इस क्षेत्र में स्थापित भगवान श्री पशुपतिनाथ का मंदिर आर्य रक्षित जैन मंदिर एवं अन्य कई मंदिरों के साथ-साथ यह राधा कृष्ण का मंदिर भी न केवल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा

बल्कि समाज में सेवा, संस्कार सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश भी देगा।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने भी मंदिर पर पहुंचकर समाज प्रमुखों से चर्चा कर उन्हें नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर की बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर आपके साथ कार्यक्रम में विधायक चदरसिंह सिसोदिया, भाजपा जिला अध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिसोदिया, अनिल कियावत, गौरव अग्रवाल, विनय दूबेला, सुनील जैन महाबली, जनपद अध्यक्ष पंडित बसंत शर्मा, धीरज पाटीदार, मुकेश काला एवं युवा समाजसेवी निर्विकार रातडिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री नर्मदानंद महाराज, मणिमहेश चैतन्य महाराज, राम किशोर दास महाराज आदि संतों ने अपने प्रेरणादाई संदेशों में समाज में शांति सद्भाव और नैतिक मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि आज बदलते परिवेश में जहां हर समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है तब ऐसे समय में आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाले मंदिरों की बहुत आवश्यकता है माली समाज इसके लिए बधाई का पात्र है

इस अवसर पर बाहर से पधारे हुए सभी समाज बंधुओ का एवं नगर के गणमान्य नागरिकों का सम्मान आयोजन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण टाक पटेल साहब, संरक्षक राजेंद्र भाटी समाज अध्यक्ष महेश भाटी एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भाटी संहित समस्त कार्यकारिणी ने माला, दुपट्टा और श्री पशुपतिनाथ की प्रतिकृति भेटकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर बाहर से पधारे हुए एवं नगर के समाज प्रमुखों का स्वागत सत्कार भी समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रदीप भाटी ने किया एवं आभार सचिव प्रीतम सिंह हम मारोठिया ने माना। अंत में महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एक नजर

सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान, संजीत मार्ग, मंदसौर में विकास, संस्कार-शैक्षिक उत्कृष्टता का उत्सव

सरस्वती विहार में सैनिक स्कूल छात्रावास का भूमिपूजन



मंदसौर। सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान, संजीत मार्ग, मंदसौर में विकास, संस्कार एवं शैक्षिक उत्कृष्टता का अद्वितीय संगम साकार हुआ। संस्थान परिसर में सैनिक स्कूल छात्रावास हेतु विधिवत भूमि पूजन, राष्ट्रनायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति में निर्मित सुभाषचंद्र बोस मार्ग का लोकार्पण तथा सम्राट यशोधर्मन की गौरवगाथा को समर्पित यशोधर्मन वाटिका का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ।

इसी गौरवपूर्ण अवसर पर सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके गौरवान्वित अभिभावकों एवं समर्पित आचार्यों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और संस्कारों का अनुपम समन्वय दृष्टिगोचर हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा ने मंचासीन अतिथियों का अत्यंत आत्मीय एवं प्रभावपूर्ण परिचय प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सह सचिव एवं संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए संस्थान की भावी योजनाओं, उद्देश्यों एवं विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती, मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं विद्या भारती मालवा प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाशचंद्र धनगर ने की।

इस अवसर पर विकास बैरागी ने अपनी मधुर स्वर लहरियों से व्यक्तिगत गीत प्रस्तुत कर समस्त वातावरण को भावविभोर कर दिया।

अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में मुख्य अतिथि अखिलेश मिश्रा ने कहा—विद्यार्थी केवल परीक्षा में अंक अर्जित करने के लिए अध्ययन नहीं करते, अपितु राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु स्वयं को तैयार करते हैं। चरित्र, संस्कार और अनुशासन ही सफलता के वास्तविक आधार हैं। जो विद्यार्थी स्वयं को साध लेते हैं, वे एक दिन समाज और राष्ट्र का नेतृत्व करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्त, संस्कारित एवं उत्तरदायी नागरिकों के निर्माण की पुण्यस्थली है।

नीमच

एक नजर में

नीमच जिला माहेश्वरी महिला मंडल के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह रतनगढ़ में

रतनगढ़। नीमच जिला माहेश्वरी महिला मंडल के नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयो का शपथ विधि समारोह श्री माहेश्वरी समाज भवन रतनगढ मे गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ ।इस दौरान नीमच जिले के जावद से महिला मंडल अध्यक्ष संगीता काबरा,इंदु पलोड़,मनासा से महिला मंडल अध्यक्ष ललिता तोषनीवाल,वंदना बाहेती, जयश्री मुंगड़,नीमच से वर्षा बाहेती,सपना माहेश्वरी, उर्मिला दरक,मिनाक्षी मालू, दिपिका माहेश्वरी,गुंजन दरक,अर्चना बाहेती, उर्मिला काबरा,रतनगढ से महिला मंडल अध्यक्ष रिंकू सोनी, मोनिका मंडोवरा,अनिता मंडोवरा,दिपाली मंडोवरा, सुनीता खटोड़,अलका लढा, पूनम सोनी,शारदा मंडोवरा, रानी बाल्दी,वंदना लढा,पिंकी मूंदड़ा,प्रिति मंडोवरा,भारती लढा सहित बड़ी संख्या में महिलाओ ने भाग लिया ।इस दौरान सर्वप्रथम भगवान महेश की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई ।इसके पश्चात श्रीमति रिंकू सोनी, पिंकी मूंदड़ा,वंदना लढा,रानी बाल्दी एवं भारती लढा के द्वारा महेश वंदना प्रस्तुत की गई ।अतिथि परिचय एवं स्वागत उद्बोधन श्रीमती अलका मूंदड़ा के द्वारा दिया गया ।इस दौरान मंचासीन अतिथियों प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता मूंदड़ा,पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती शांता गगरानी,श्रीमती अरुणा मंडोवरा,श्रीमति अर्चना सारडा,श्रीमती कृष्णा मुच्छाल,जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र मंडोवरा,रतनगढ माहेश्वरी समाज अध्यक्ष राजेश लढा,सचिव दिपक सोनी,मिडिया प्रभारी निर्मल मूंदड़ा,निलेश मंडोवरा का केसरिया दुपट्टा एवं मोति की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

माहेश्वरी समाज जावद की 2026-29 की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन

जावद। श्री माहेश्वरी समाज जावद की सत्र 2026-29 की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन 25 अप्रैल 2026 को देर शाम श्री माहेश्वरी समाज भवन पर जिला पर्यवेक्षक राजकुमार मुछाल की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारीगण जयप्रकाश भूतडा व ओमप्रकाश सोमानी द्वारा सम्पन्न करवाया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर मुकेश द्वारकाधीश काबरा, उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीनिवास पोरवाल, सचिव साकेत ओमप्रकाश सोमानी, सहसचिव राजेश शिवरतन चांडक, कोषाध्यक्ष विनोद सत्यनारायण काबरा, संगठनमंत्री दीपेश जगदीशचंद्र पलोड़, प्रचारमंत्री प्रमोद जगदीशचंद्र काबरा एवं कार्यकारिणी में पदेन निवृतमान अध्यक्ष दिलीप बांगड़, पदेन निवृतमान सचिव ओमप्रकाश बाल्दी, विजय मुछाल, राजेश जानकीवल्लभ चांडक, ओमप्रकाश काबरा, कमलेश सारड़ा, विजय बंग, श्यामसुंदर भूतडा, नंदकिशोर झंवर, कमलेश ईनाणी, सूरजमल राठी, सूचीत सोनी, मधुसूदन मुछाल, बलराम चांडक का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। सभी नवनिर्वाचित युवा पदाधिकारियों को निवृतमान अध्यक्ष दिलीप बांगड ने दुपट्टा ओढ़ाकर बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाने पर निर्वाचन अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

नीमच में तापमान 41 डिग्री पहुंचा, अगले 4 दिन लू का अलर्ट

▶ मई में आंधी-बारिश से राहत की उम्मीद

नीमच। जिले में रविवार को सूरज ने अपने तेवर और कड़े कर लिए हैं। जिले में पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन-चार दिनों तक जिले में भीषण लू यानी हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। सिर्फ दिन ही नहीं, बल्कि अब रातें भी तपा रही हैं। रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़त हुई है, जिससे अब रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पर टिका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, राजस्थान और यूपी के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम की वजह से नीमच और मंदसौर में गर्मी का असर और ज्यादा बढ़ेगा।

गर्मी के बीच जिले में बारिश-रविवार को तेज गर्मी के बीच नीमच में बारिश भी हुई। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, प्रदेश के ऊपर तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है। वहीं, एक टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से कुछ हिस्सों में मौसम बदला रहा। मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल के आखिरी में बारिश के भी आसार हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ऐसा होगा।

गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी-गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवायजरी भी जारी की है। लोगों से कहा गया है कि वे दिनभर पर्याप्त पानी पीएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहें। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें।

मई की शुरुआत में मिल सकती है राहत-तपती धूप के बीच राहत की खबर यह है कि 29 अप्रैल से प्रदेश के मौसम में बदलाव आ सकता है। अनुमान है कि मई के पहले हफ्ते में धूलभरी आंधी और हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आएगी।

डॉक्टर की सलाह- 12 से 3 बजे तक बचें

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एम. पाटिल ने एडवाइजरी जारी की है- दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और हल्के सूती कपड़े पहनें। बुजुर्गों और बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और जो लोग बाहर निकल रहे हैं, वे चेहरे को स्कार्फ या गमछे से ढंककर खुद को लू से बचा रहे हैं। शहर में गन्ने के रस, लस्सी और छाछ की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। दोपहर के समय लू की वजह से बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या काफी कम हो गई है।

स्वस्थ जीवन, स्वच्छ वातावरण, पर्यावरण के बिना संभव नहीं ...

▶ पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण मित्रों ने किया 3 घंटे श्रमदान

नीमच। आओ मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाएं इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था जिला नीमच द्वारा निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही जिले भर में पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने के कार्य में जुटी हुई है।

संस्था सदस्यों का मुख्य उद्देश्य जिले भर में हरियाली हो ताकि आमजन एवं शहरवासियों को शुद्ध वायु आक्सीजन के साथ ही स्वस्थ जीवन स्वच्छ वातावरण में जीवन जी सकें, संस्था द्वारा विगत वर्ष हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 1500 के लगभग विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जिनकी सुरक्षा हेतु पर्यावरण मित्र समय समय पर देखभाल करते हैं संस्था द्वारा जो भी पोंधे रोपित किए जाते हैं।

उनकी पेड़ बनने तक बराबर देखभाल की जाती है, वर्तमान अप्रैल माह में 40 डिग्री सेल्सियस भीषण गर्मी में पोधो कि सुरक्षा करना पर्यावरण मित्रों का पहला दायित्व है, इसी कड़ी में संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 26 अप्रैल 2026 को प्रात: 7 से 10 बजे तक वाटिका परिसर में रोपित पोधो कि देखभाल कर पोधो को पानी पिलाया एवं पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई की अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे आदि ने 3 घंटे श्रमदान किया इससे पूर्व संस्था सदस्यों ने फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी गंदा कचरा आदि एकत्रित कर गेट के बाहर ढेर लगाया।

एक नजर

सुमति नाथ जिनालय दादावाड़ी सत्तरभेदी पूजा व ध्वजा महोत्सव में उमड़े समाज जन

मंदिर ध्वजा सुख शांति प्रेम सद्भाव का होती है परिचायक : जिनमणिप्रभ सुरीश्वर

नीमच। जब हम दूर से किसी मंदिर की ध्वजा के दर्शन करते हैं तो हमें अनुभव होता है कि दूर कहीं यहां मंदिर है वहां हमें छाया और विश्राम अवश्य मिल जाएगा तो मन में संतोष और धैर्य की प्राप्ति होती है।

मंदिर की ध्वजा के दर्शन करने से मंदिर के अंदर की प्रतिमा की स्मृति स्वत: ही हमारे मन मस्तिष्क पर उभर जाती है और हमारा मन शांत हो जाता है इसलिए ध्वजा आत्म शांति का मार्ग दिखाती है। ध्वजा दर्शन करने के बाद मन में प्रेम बढ़ता है। राग द्वेष दूर होते हैं ।मंदिर की ध्वजा सुख शांति और प्रेम का परिचय एक होती है ।यह बात खरतरगच्छ गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वरजी ने कही ।वे श्री भीडभंजन पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट श्री संघ नीमच के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी के समीप रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित सुमति नाथ जिनालय जिनकुशल दादाबाड़ी नीमच के तत्वाधान में सुमति नाथ मंदिर ध्वजा महोत्सव के निमित धर्म सभा में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि ध्वज मंदिरों की ध्वजा प्राचीन काल से ही शांति का प्रतीक रही है जब कभी युद्ध की संभावना होती तो ध्वज के दर्शन के बाद युद्ध का विचार भी समझौते में बदल जाता है और शांति वार्ता के बाद युद्ध समाप्त हो जाते थे मंदिर की ध्वजा इतनी शक्तिशाली होती थी कि लोग ध्वजा दर्शन करने के बाद शांति वार्ता ही करते थे। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक चढ़ावे की बोलियां लगाई गई जिसमें समाज समाज जनों ने अपार उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

महोत्सव में रविवार को आयोजित लाभार्थी कांतिलाल हीरालाल पूनम चंद नेमीचंद पगारिया परिवार के प्रकाश मानव पुखराज रमेश चंद्र राजकुमारी पगारिया प्रेम प्रकाश, इंदर राज, अजीत, सुशील ,अभय ,कमल, विमल ,पारस ,राकेश पगारिया परिवार नीमच, एवं सत्तर भैदी पूजन के लाभार्थी परिवार जनों का श्री संघ पदाधिकारीयों द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर केसरिया केसरिया आज हमारा रंग केसरिया मंदिर सज गया है प्यारा दादा तुमको आना है मंदिर बड़ा सुहाना दर्शन को रोज आना है म्हारा दादा गुरुदेव घणी खम्मा सुमति नाथ की जय जय कार जय जयकार, चौक बुराओ मंगल गाओ आज आनंद उत्तम छाया रे...आई आई मंदिर की वार्षिक ध्वजा आई घर में आदि भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु झुम उठे। इस अवसर पर आचार्य श्री से मंगलीक श्रवण कर सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ।